एक नजर में

केले की फसल पर बीमा दिए जाने की मांग को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

बुरहानपुर। भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कलेक्टर हर्ष सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों की प्रमुख मांग केला फसल का बीमा लाभ है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में किसानों को यह सुविधा मिल रही है। बुरहानपुर में अन्य फसलों का बीमा हो रहा है,लेकिन केला फसल को इससे वंचित रखा गया है। केला सबसे महंगी फसलों में से एक है और प्राकृतिक आपदाओं से हर साल नुकसान होता है। किसान संघ ने कपास उत्पादन से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया। जिले में सुविधाओं की कमी के कारण किसान कपास की खेती नहीं कर पा रहे हैं। भारतीय किसान संघ के प्रांत संयोजक श्याम सिंह पंवार ने कहा कि किसानों को उपज का उचित लाभ नहीं मिल रहा है। इस कारण कई किसान अपनी फसल उखाड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

सिंधी बस्ती पार्षद मनोज फुलवानी का स्वागत

बुरहानपुर। बुरहानपुर सिंधी बस्ती शीतला माता मंदिर प्रांगण में वार्ड पार्षद मनोज फुलवानी द्वारा नली सफाई का कार्य कराया गया । समिति सदस्यों ने पार्षद का हार फूल से स्वागत करते हुवें उनका आभार माना एवं अपेक्ष की है कि उनका सहयोग दिरंतर मिलता रहेगा।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद नगर युवा इकाई द्वारा साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन

बुरहानपुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान एवं मालवा प्रांत अध्यक्ष श्री त्रिपुरारीलाल शर्मा की अनुशंसा पर बुरहानपुर बुकीज़ क्लब में हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभासाप के नगर युवा इकाई अध्यक्ष पंण् कपिल मिश्रा एवं उपाध्यक्ष कुण् कंचन गुरव ने उपस्थित अतिथियों पुष्पगुच्छ का देकर स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व, साहित्यिक परंपरा और नई पीढ़ी में भाषा के प्रति जागरूकता पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में अनेक नए और उभरते रचनाकारों ने अपनी.अपनी रचनाओं का मनमोहक प्रस्तुतीकरण कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

संस्था के सदस्य करण राजपूत ने वैश्विक स्तर पर हिंदी की भूमिका पर अपने विचार साझा किए और कनक गुरव,साक्षी दशोरे,आँचल पंजवानी,नूपुर ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन पंडित कपिल मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कंचन गुरव ने किया। क्लब के अन्य सक्रिय सदस्य कृ चिन्मय सिंह तवर,प्रज्ञा लौंधे, भाग्येश दलवी, सौरभ गुरव, कनक गुरव एवं दामिनी बावरे आदि युवाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, साहित्यिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना तथा नई प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना था, जिसमें अनेक नए कलाकारों की भागीदारी ने इसे और भी सफल एवं यादगार बना दिया।

सांदीपनि विद्यालय शाहपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

बुरहानपुर । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में उमंग टीम एवं मनकक्ष टीम जिला बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में किशोर.किशोरियों के स्वास्थ्य लाभ हेतु मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को पोषण आहार, शिक्षा का महत्व,माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन,मौसमी बीमारियों की रोकथाम,सिकल सेल उन्मूलन मिशन 2047,योग.व्यायाम तथा मानसिक स्वास्थ्य कल्याण पर मार्गदर्शन दिया गया ! उमंग टीम खुल कर पूछो,खुल कर जानो के संदेश के साथ उमंग किशोर हेल्पलाइन 14425 की जानकारी दी गई। मनकक्ष टीम मनहित से जनहित के संदेश के साथ टेली मानस हेल्पलाइन 14416 व मनहित ऐप की जानकारी साझा की गई। किशोरावस्था में आने वाली चुनौतियाँ , परीक्षा तनाव,चिंता, अवसाद, आत्मविश्वास की कमी,नशे की लत, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, पारिवारिक व आर्थिक कठिनाइयाँ,पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्देश्य :- किशोरों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर, जीवन की चुनौतियों से निपटने की क्षमता प्रदान करना तथा किशोर स्वास्थ्य को मजबूत बनाकर समाज में सकारात्मकता और जागरूकता का प्रसार करना। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिका श्रीमती मंगला एवं शिक्षक गण,नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज एवं मनकक्ष प्रभारी श्रीमती सीमा डेविड, उमंग टीम काउंसलर जितेश गाड़वे तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राएँ उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत खण्ड स्तरीय कार्यशाला

बुरहानपुर। महिला एवं बाल विकास परियोजना खकनार द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय पोषण माह पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में बताया गया किए 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। गतिविधियों के आयोजन एवं शासन के निर्देशों के तहत विभिन्न कार्यक्रम किये जायेंगे। कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा अभियान, स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार के बारे में भी बताया गया। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत वोकल फॉर लोकल, स्वास्थ्य परीक्षण,गर्भवती माता, धात्री माता और किशोर बालिकाओं की एनिमीया की जांच की जायेगी।

17 सितम्बर से जिले में शुरू होगा सेवा पखवाड़ा अभियान, होगा विभिन्न गतितिविधियों का आयोजन

तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक संपन्न।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान मनाया जाना है। इस दौरान नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में विभिन्न गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित रही। बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,बुरहानपुर विधायक श्रीमति अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमति माधुरी पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह,अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारीगण शामिल रहे।

बैठक में सांसद श्री पाटील ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है। अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करानी है, इसके लिये सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करना होगा। अभियान अंतर्गत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर,पौधा. रोपण, जल स्त्रोतों के आस. पास साफसफाई आदि गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को खेल से जोड़ने के लिये प्रेरित करने की बात कही। वहीं उन्होंने निर्देशित किया कि रोड के किनारे झाड़ियों की कटाई, सड़कों का पेचवर्क कार्य इत्यादि निर्देश भी दिये।

विधायक श्रीमति चिटनिस ने कहा किए इस अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता लायें। नागरिकों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति भी जागरूकता लानी होगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास,जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को समन्वयता से कार्य करने के निर्देश दिये गये। स्कूलों एवं छात्रावासों में गतिविधियां आयोजित कर अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जायें।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ही स्वस्थ्य नारी,सशक्त परिवार अभियान भी संचालित होगा। स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न जाँचे तथा स्वास्थ्य शिविर लगाकर अधिक से अधिक महिलाओं को लाभांवित किया जायेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को कर्मयोगी अभियान के संबंध में भी आवश्यक दिशा.निर्देश दिये।

सेवासदन महाविद्यालय में हिंदी दिवस उत्साहपूर्ण मनाया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन शिक्षा समिति के मैनेजर श्री मनीष पटेल के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील के निर्देशन एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने भाषण, काव्य पाठ, एकल नृत्य,चार्ट प्रेजेंटेशन एवं नाटक के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपनी भावनाएं एवं प्रतिबद्धता प्रकट की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना से हुआ, जिसे कु. छात्रा खुशी, बी ए प्रथम वर्ष ने प्रस्तुत कर विशेष रूप दिया। अपने स्वागत वक्तव्य में प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील ने हिंदी की विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि मैनेजर मनीष पटेल ने कहा की डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं।

हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन ने हिंदी भाषा के इतिहास एवं विकास को विभिन्न संदर्भ के माध्यम से रेखांकित किया। आपने वर्तमान में हिंदी के साथ अन्य भाषाओं को भी महत्व दिए जाने की आवश्यकता बताई। पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वप्रथम हिंदी शोध केंद्र के अंतर्गत एवं डॉ सुरेंद्र जैन के निर्देशन में पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर डॉक्टर अश्विनी चौधरी को सम्मानित किया गया साथ ही हिंदी साहित्य में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में तृतीय एवं छठवां स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः कविता जुमड़े एवं ममता साहू को भी सम्मानित किया गया। समस्त विजेता प्रतिभागियों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अभिलाषा पांडे, डॉ., सुनील दीक्षित महाविद्यालयीन समस्त स्टॉफ व बडी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी मौर्य, खुशी एवं श्वेता द्वारा किया गया एवं अंत में प्रो. शशिकांत दुबे ने आभार व्यक्त किया। सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला ने भी हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुये इस सफल आयोजन की सराहना की ।

यातायात अभियान : जागरूकता से बढ़ेगी सड़क सुरक्षा

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। उच्चतम न्यायालय की सुप्रिम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफटी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में तथा यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल के नेतृत्व में 08 से 22 सितंबर 2025 तक जिलेभर में विशेष यातायात अभियान संचालित किया जा रहा है।

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश बारवाल एवं स्टाफद्वारा सेवा सदन हाई सेकेंडरी स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्र.छात्राओं को राहवीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना, कैशलैश योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बुरहानपुर पुलिस की अपील:-नागरिक यातायात नियमों का पालन करें,क्योंकि यह न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जन.सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने संबंधी निर्णय पर प्रधानमंत्री करें हस्तक्षेप

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने एबीआरएसएम के तत्वाधान मे शिक्षकों की सेवा.सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री कों ज्ञापन प्रस्तुत कर टेट परीक्षा संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर ज्ञापन के माध्यम से हस्तक्षेप की अपील की ।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन दिनांक 15 सितंबर 2025 को समस्त जिलों में जिला कलेक्टरों के माध्यम से भेजकर 01 सितम्बर 2025 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पल्लवी पुराणिक जी द्वारा लिया गया। इस निर्णय के अनुसार कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट अनिवार्य कर दी गई हैएचाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी रही हो। यह स्थिति देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल सकती है।

एबीआरएसएम ने स्पष्ट किया है किएआरटीई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार दो अलग.अलग श्रेणियाँ मान्य थीं । 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक, जिन्हें योग्य माना गया और जिन्हें टीईटी से छूट दी गई थी तथा 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक,जिन्हें एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक था।

महामंत्री प्रो.गीता भट्ट ने कहा कि इस निर्णय से 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे। आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला बुरहानपुर द्वारा जिला अध्यक्ष धनराज पाटील जी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर बुरहानपुर को एक ज्ञापन देकर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की मांग की। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कोषाध्यक्ष संजय कुमार राऊत, प्रदेश सचिव अमर पाटिल,संभागीय सचिव विनोद पवार,जिला सचिव राजू सोग्गडे,जिला कोषाध्यक्ष शालिकराम चौधरी, विभिन्न संगठनों के प्रमुख संतोष दिक्षित ,डॉ अशफाक खान आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव अमर पाटील द्वारा दी गईं।

सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर, भड़काऊ मैसेज फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

आसूचना संकलन करने वाले अधिकारियों की मासिक बैठक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदारए ने आसूचना संकलन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की मासिक बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में आयोजित की। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश,जिविशा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटील ,एस.बी शाखा उपनिरीक्षक मनीष सरोज और जिले के सभी थानों में कार्यरत आसूचना संकलन से जुड़े अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्यौहार नवरात्रि, विजय दशमी ,दशहरा, बालाजी रथ यात्रा, दीपावली के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करना था।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारी और कर्मचारी त्यौहारों के दौरान सक्रिय रहकर आसूचना संकलन करने हेतु निर्देशित किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप पर कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट का संज्ञान लेकर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। साथ सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आसामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखना एवं शहर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही के संबंध में बताया गया।जुआए सट्टाए मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर नजर रखें। त्योहारों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के लिए प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य है।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश या पोस्ट प्रसारित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जनसामान्य से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन और कानून का पालन करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के संस्थापक अशोक वाल्मीकि के निधन पर शोक व्यक्त

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ग्वालियर शहर मे अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड युनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय अशोकजी वाल्मिकी अनंत सरकार के देहांत पश्चात शोक सभा मे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,कल्याण संघ के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा जंगाले ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद जावडेकर ,राष्ट्रीय महासचिव सुनिल मालवीय, मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम घोसर, दिलीप वाल्मिकी, प्रेमकुमार प्रेमी , कमल किशोर कोडे , महेश गोहर, जयसिंग कछवाह ,महेश सहारीया,शेतलकुमार भगत, राजकुमार , वसिम पठान उपस्थित रहे एवं भावभीने नयनो से अश्रुपूरीत श्रध्दांजली अर्पित की तथा स्वर्गीय अशोक दादा के कार्य और उनका सपना वाल्मिकी समाज का विकास एवं सफाई कामगारो को हक अधिकार के लिए अविरत प्रयास अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के सभी पदाधिकारीयो ने आगे बढाने का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा जंगाले ने दी।

धुलकोट में हिंदी दिवस : हमारी सनातन संस्कृति का मान है हिंदी : सुभाष चौहान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शासकीय महाविद्यालय धुलकोट में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत जिला बुरहानपुर के जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार अतिथियों ने मां भारती और मां सरस्वती का पूजन वंदन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के राष्ट्रीय संयोजक एवं शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत के संयोजकए शिक्षाविद ओम शर्मा भाई साहब एवं मालवा प्रांत संयोजक रामसागर मिश्र भाई साहब की प्रेरणा और प्रोत्साहन में कार्यक्रम हुआ। शिक्षा से आत्मनिर्भरता भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओम शर्मा भाई साहब ने सांस्कृतिक शिक्षा का उजाला संपूर्ण भारत देश में फैला रहे हैंए उनका विश्वास है की भारत देश में शिक्षा से आत्मनिर्भरता जरूर आएगी।

हिंदी दिवस पखवाड़ा अंतर्गत हिंदी दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय महाविद्यालय धुलकोट के प्रशासनिक अधिकारी डॉ कन्हैया चौहान ने हिंदी दिवस की सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की उन्होंने हिंदी का महत्व बताते हुए हमारे देश की सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में बताया और विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर के मंडल महामंत्री और सरस्वती शिशु मंदिर धुलकोट के सहसंयोजक श्री मनोज जी दांगोडे ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी दिवस की महत्ता बताई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता सुभाष जी चौहान ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विषय पर प्रकाश डालाए उन्होंने बताया कि हमारे देश की जो मूल भाषा संस्कृत है उससे ही हमारी मातृभाषा हिंदी का जन्म हुआ है। हिंदी भाषा पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में उपनिषद वेद पुराण अरण्य दर्शन इन सभी का भी अध्ययन करना होगा इसी कड़ी में उन्होंने हमारे देश के जनजाति योद्धाओं को भी याद किया स स्वामी विवेकानंद जी के विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के जिला संयोजक डॉ कृष्णाजी मोरे ने हिंदी दिवस पर बताया कि न्यास के द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें भारतीय भाषा मंच के द्वारा हिंदी भाषा के उत्थान के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। मां मातृभूमि व मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। हमें अपने हस्ताक्षर अपनी भाषा में करना होंगे।

कार्यक्रम में मनोज जी दागोड़े श्री गिरवर सिंह पटेल पूर्व जनपद सदस्य,झवरी लाल जी मासरे पंच, संतोष गोलकर पंच, शासकीय महाविद्यालय धुलकोट का स्टॉफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

एक नजर — कथा श्रवण को पधारे श्री हनुमानजी,झूम उठे श्रोताजन

अयोध्या धाम में अयोध्या नरेश के गुणगान में शामिल बुरहानुपर के 204 भक्तजन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आज मुझे सबसे ज्यादा प्रसन्नता हो रही है की अयोध्या धाम में अयोध्या नरेश के गुणगान गाने के लिए हम सब यहां पर अयोध्या में एकत्रित हुए हैं प्रभु राम की कथा सागर की है जिस तरह सागर का कोई पार नहीं इस प्रकार राम कथा का भी कोई पा र नहीं राम कथा में सभी पात्र वंदनीय है जिस पा त्र ने भी प्रभु श्री रामचंद्र जी के साथ अपना पा त्र अदा किया है वह सभी ने पूरे शरीर को रोमांचित किया है एक.एक पा त्र की कहानी केवल समर्पण की रहीहै सभी ने राजगादी को ठोकर मारी है किसी ने भी राजकाज का मोह नहीं रखा सभी का केवल प्रेम भाव प्रभु श्री राम प्रभु श्री राम प्रभु श्री राम रहा मेरे प्रभु को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो यह भावना पूरे रामायण के अंदर जिसका भी वर्णन करो राम के प्रति समर्पण की भावना रही है जब भी प्रभु की कथा होती है उसमें भी प्रभु श्री राम की कथा होती है उसे समय हनुमान जी कोई ना कोई स्वरूप में आकर उसे कथा में विराजमान हो जाते हैं पर उनकी एक विशेषता रहती है उनके जाने के बाद हमारे दिमाग की डोर में घंटी बजती है यह कौन था इन्हें कहां पर देखा कि अचानक कब आए और यह अचानक कब चले गए बस यही हनुमान जी की विशेषता है प्रभु का भजन हो और हनुमान जी उठकर नहीं नाचे संभव है प्रभु का भजन हो तो हनुमान जी हाथ में करताल लेकर नृत्य करते हैंण् प्रभु भेद रहित है।

यह बात बुरहानपुर से अयोध्या यात्रा के अंतर्गत 204 वैष्णव का समूह जो गया है वहां पर भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने रामायण के प्रथम दिन यह बात कही । इस दौरान खिडकी में वानरराज की उपस्थिती देख श्री मुखियाजी ने कहा कि सुना था कि जहां प्रभु श्री राम की कथा होती है वहां हनुमान जी अवश्य गुप्त रूप में पधारते हैं ,देखो आपको कहां पर दर्शन हो रहे हैं।

रामायण के प्रथम दिन ठाकुर वीरेंद्र सिंह जी का श्राद्ध दिन होने से आज ठाकुर परिवार द्वारा सभी भक्तों का सुबह का चाय नाश्ता भोजन प्रसादी दोनों समय की उनके परिवार से तारिका देवी ठाकुर ,जयश्री ठाकुर राज भाभी ठाकुर ने प्रथम दिन का पुण्य मुख्य मनोरती बनकर प्राप्त किया है एवं आज परिवार ने आरती भी की है। 12 दिन के बाद आज जब रामायण की कथा प्रारंभ हुई उस समय 4 घंटे में मूसलाधार बारिश हुई यह केवल प्रभु की कृपा है यहां रहने वाले सभी का यह कहना है कि आपकी रामायण प्रारंभ हुई और इंद्रदेव बारिश के रूप में कथा श्रवण करने पधार रहे हैं बोलो सिया और रामचंद्र की जय ।

कार्यालय- बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सहकारी सोसायटीज ,बी पैक्स शाहपुर
पंजीयन क्रमांक 450 , जिला बुरहानपुर ,(म.प्र.)

क्रमाक/ आम सभा/2025-26 शाहपुर दिनांक 02/09/2025

: : वार्षिक साधारण आम सभा सूचना : :

संस्था के समस्त सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आम सभा **दिनांक 19/09/2025 रोज शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे** संस्था कार्यालय शाहपुर प्रागंण में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

नोट:-गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित की जाकर उसी दिनांक को उसी स्थान पर निर्धारित समय से आधे घंटे पश्चात प्रारंभ की जाकर स्थगित आम सभा की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।

प्रबंधक — **नरेन्द्र मधुकर आमोदे**
प्रशासक — **श्रीमती पुष्पांजलि पांडे**

कार्यालय - बहुउद्देशीय प्राथ . कृषि साख सह. सोसायटीज , फोपनार
पंजीयन क्रमांक 457 , जिला बुरहानपुर ,(म.प्र.)

क्रमांक/आमसभा/2025-26 फोपनार, दिनांक 02/09/2025

: : वार्षिक साधारण आमसभा : :

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा **दिनांक 30/09/2025 मंगलवार को दोपहर 1 बजे** संस्था कार्यालय फोपनार प्रांगण में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

नोट:-गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगति की जाकर उसी दिनांक को उसी स्थान पर निर्धारित समय से आधे घंटे पश्चात प्रारंभ की जाकर स्थगित आमसभा की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।

प्रबंधक — **किशोर कडु महाजन**
प्रशासक — **श्रीमती पुष्पांजलि पांडे**